कार्यालय प्राचार्य, शासकीय महाविद्यालय खेरथा, जिला– बालोद (छ.ग.)

पत्र क्रमांक 202 खेरथा दिनांक 15/09/18

मतदाता जागरूकता कार्यक्रम (स्वीप) के अंतर्गत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार संस्था स्तर पर निम्नानुसार कार्यक्रम आयोजित हैं :–

क्रमांक	दिनांक	संस्था स्तर पर कार्यक्रम
01	19/09/2018	निबंध प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता
02	26/09/2018	पोस्टर प्रतियोगिता
03	29/09/2018	रैली
04	03/10/2018	रंगोली प्रतियोगिता
05	10/10/2018	भाषण प्रतियोगिता
		जिला स्तर पर कार्यक्रम
01	26/10/2018	निबंध, प्रश्नोत्तरी, पोस्टर, रंगोली प्रतियोगिता
02	29/10/2018	भाषण प्रतियोगिता, पुरस्कार वितरण एवं समापन

प्राचार्य

(डॉ. आलोक मिश्रा)
शासकीय महाविद्यालय, खेरथा
जिला – बालोद (छ.ग.)

पत्र क्रमांक 203 खेरथा दिनांक 15/09/18

प्रतिलिपि –

1. जिला निर्वाचन अधिकारी, जिला बालोद की ओर सादर सूचनार्थ।
2. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला बालोद की ओर सादर सूचनार्थ।
3. नोडल अधिकारी/प्राचार्य/संस्था प्रमुख शा. घ.सि.गु. महा. बालोद को सादर सूचनार्थ।

प्राचार्य

(डॉ. आलोक मिश्रा)
शासकीय महाविद्यालय, खेरथा
जिला – बालोद (छ.ग.)

Principal,
Govt. College, Khertha
Distt. Balod (C.G.)

Govt. College Khertha
Khertha Distt. Balod
Balod (C.G.)

दिनांक – 09 दिसंबर 2020

नियमित गतिविधि एवं बौद्धिक परिचर्चा का अयोजन

आज दिनांक 09 दिसंबर 2020 को राष्ट्रीय सेवा योजना अंतर्गत कोविड नियमों का पालन करते हुए परियोजना कार्य आयोजित किया गया। महाविद्यालय परिसर के ग्रीन जोन में लगाये गए पौधों के चारों ओर सफाई एवं निंदाई का कार्य किया गया साथ ही उनके मिट्टी एवं खाद दिया गया। प्रांगण में स्वच्छता अभियान चलाकर साफ–सफाई का कार्य किया गया।

बौद्धिक परिचर्चा कार्यक्रम के अंतर्गत कोविड – 19 जागरूकता के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई तथा स्वयंसेवकों को अपने आस–पास के लोगों, परिवारजनों एवं परिचितों को उसके संबंध में जागरूकता फेलाने के लिए महत्वपूर्ण बिन्दु बताये गये।

दिनांक – 21 दिसंबर 2020

गोद ग्राम में परियोजना कार्य एवं बौद्धिक परिचर्चा का अयोजन

दिनांक 21 दिसंबर 2020 को राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा पूनः परियोजना कार्य का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता कार्य किया गया। महाविद्यालय में स्वच्छता कार्य के पश्चात गोद ग्राम रामनगर खेरथा में विभिन्न स्थानों पर स्वच्छता अभियान चलाया गया तथा निवासियों को स्वच्छता बनाऐ रखने के लिए प्रेरित किया गया। गोद ग्राम में स्वच्छता कार्य के दौरान वहॉ के युवा साथियों ने भी स्वतः प्रेरित होकर अभियान में सहयोग किया।

कोविड नियमों का पालन करते हुए एक घंटे का परिचर्चा का आयोजन भी किया गया जिसमें पर्यावरण एवं उसके संरक्षण विषय पर कार्यक्रम अधिकारी एवं स्वयंसेवकों ने अपने अपने विचार व्यक्त किये।

दिनांक – 12 जनवरी 2021

नियमित गतिविधि एवं बौद्धिक परिचर्चा का अयोजन

आज दिनांक 12 जनवरी 2021 को राष्ट्रीय सेवा योजना अंतर्गत कोविड नियमों का पालन करते हुए राष्ट्रीय युवा दिवस एवं परियोजना कार्य का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम स्वयंसेवकों द्वारा परियोजना कार्य के अंतर्गत ग्रीन जोन की सफाई एवं पौधों को मिट्टी, पानी, खाद दिया गया। दूसरे चरण में प्रांगण की सफाई का कार्य किया गया।

राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर स्वामी विवेकानंद जी की जयंती मनाई गई । इस अवसर पर विभिन्न स्वयंसेवकों ने अपनी सहभागिता निभाते हुए "भारतीय संस्कृति की विशेषता" विषय पर एवं स्वामी जी के जीवन चरित्र पर अपने विचार व्यक्त किये एवं राष्ट्र सेवा के लिए सदैव तत्पर रहने का संकल्प भी लिया।

Principal,
Govt. College, Khertha
Distt. Balod (C.G.)